परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examination

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थ नगर–272202 (उ0प्र0) भारत
Siddharth University Kapilvastu,
Siddharth Nagar-272202 (U.P.) India

पत्रांक– 5452/सि0वि0वि0/प0सा0/2026 दिनांक 21/02/2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
सहायता प्राप्त अशासकीय, राजकीय महाविद्यालय,
जनपद–सिद्धार्थनगर, महराजगंज, सन्तकबीरनगर, बस्ती, श्रावस्ती व बलरामपुर।

विषय– अग्रिम धनराशि के सापेक्ष समायोजन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सत्र **2022–23**, **2023–24**, **2024–25** की विभिन्न परीक्षाओं की परीक्षा मद में विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गयी अग्रिम धनराशि के सापेक्ष व्यय धनराशि का समायोजन कतिपय परीक्षा केन्द्रों द्वारा अभी तक नहीं किया गया है। परीक्षा केन्द्रों को दी गयी अग्रिम धनराशियों का समायोजन नहीं हो पाने के कारण लम्बित समायोजन पर शासन द्वारा बार–बार निर्देशित किया जा रहा है।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपसे अपेक्षा है कि अपने सम्बन्धित महाविद्यालयों की **2022–23**, **2023–24**, **2024–25** की प्राप्त अग्रिम धनराशियों का समायोजन कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा मे आगामी परीक्षा हेतु अग्रिम धनराशि प्रदान किया जाना सम्भव नही होंगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय की होगी।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक– /तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव /वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. प्रभारी परीक्षा/कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक